




# 2 मिनिट की जल्दबाजी अपनों से दूरी

## कलेक्टर की पहल पर सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन, राहवीर योजना के बारे में दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

**सागर 2 जनवरी. कलेक्टर संदीप जी.आर ने नवाचार करते हुए सड़क सुरक्षा के विषय पर विशेष ग्राम सभाओं का शुभारंभ बमोरी बीका ग्राम से किया गया.**

कलेक्टर ने कहा कि यह विशेष ग्राम सभा आपके जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि जब वाहन दुर्घटना होती है तो उसमें व्यक्ति घायल या मृत होता है और जब व्यक्ति मृत होता है तो उसके परिवार पर अत्यंत बज्रघात होता है क्योंकि वही व्यक्ति उस परिवार का मुखिया होता है और जब मुखिया चला जाता है तो घर का चलना बड़ा कठिन रहता है, इसलिए सड़क पर चलते समय पूरे यातायात के नियमों का पालन करें. उन्होंने कहा कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाएं. उन्होंने कहा कि शाम को 6 से 9 एवं रात में 2 से 5 के बीच गाड़ी चलाने से बचे, कलेक्टर ने कहा कि दो मिनट की जल्दबाजी परिवार से आपको दूर कर सकती है आप जल्दबाजी न करे. कलेक्टर ने समस्त सड़क निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण की पूर्व सभी जगह आवश्यक वेरीकेटिंग करें एवं संकेतक लगाएं जिससे कि कहीं भी दुर्घटना न हो. उन्होंने समस्त ग्राम सभा में पहुंचे ग्रामवासियों से अपील की कि कभी भी रात में गाड़ी न चलाएं एवं नशे में भी गाड़ी का उपयोग न करें.




कलेक्टर ने कहा कि शासन की राहवीर योजना का प्रचार प्रसार करें जिससे की दुर्घटना में घायल व्यक्ति का समय पर उपचार हो सके और घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचने वाले व्यक्ति को सम्मान राशि एवं प्रमाण पत्र मिलेगा. एसपी विकास शाहवाल ने कहा कि समय-समय पर गाड़ी की जांच भी कराएं और आवश्यक उपकरण जो लगे हैं उनको हमेशा लगे रहने दें. उन्होंने कहा कि हमेशा गाड़ी अपनी लाइन पर ही चलाएं जल्दबाजी न करें. कार्यक्रम में आरटीओ मनोज तेहगुनिया ने स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन दिया. विशेष ग्राम सभा में डॉक्टर देवेश पटेरिया ने दुर्घटना में घायल व्यक्ति को कैसे बचाया जा सकता है इसके संबंध में विस्तार से जानकारी दी. विशेष ग्राम सभा में कलेक्टर संदीप जी आर ने बुंदेली भाषा में सड़क सुरक्षा के संबंध में शपथ भी दिलाई सड़क सुरक्षा मित्र को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया एवं विशेष ग्राम सभा में मौजूद ट्रैक्टर ट्राली टैंकर पर रेडियम की पट्टी भी लगाने का कार्य शुरू किया. विशेष ग्राम सभा में निशुल्क हेलमेट का भी वितरण किया गया. कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अमर जैन ने किया.इस अवसर पर श्रीमती संतोषी राजेश सिंह, श्रीमती कविता सिंह, महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, राजू सिंह, नितेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर सिद्धांत सिंघई, एसडीएम अमन मिश्रा, श्रीमती सविता मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे.

# पेयजल सप्लाई टंकियों की होगी सफाई

## राजघाट बांध से सप्लाई रहेगी प्रभावित आज, क्षतिग्रस्त पाइप लाइनें सुधारें

नवभारत न्यूज

**सागर 2 जनवरी. निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड राजकुमार खत्री ने सीबेज ट्रीटमेंट प्लांट एंड नेटवर्क टीम, टाटा पेयजल सप्लाई टीम और सेनिटेशन टीम सहित ननि उक्त कार्यों से संबंधित इंजीनियर्स और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की चूक की संभावना न रहे.**



निगमायुक्त ने कहा कि ऐसे सभी स्थल चिन्हित करें जहाँ टाटा पेयजल सप्लाई लाइन और सीवर लाइन एक दूसरे के बहुत नजदीक है, ऐसे स्थलों पर लाइनों की बारीकी से जाँच करें और पाईप लाइनों की सब ओर से दुरुस्ती सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि शहर में अधिकांश हॉउस होल्ड सीवर कनेक्शन होने के बाद से लोगों के घरों का सीवेज सीवर लाइन नेटवर्क से होकर सीधे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में पहुंचकर ट्रीट किया जा रहा है. अधिकांश नालियों का जल बहाव समाप्त हो गया है, ऐसे में पेयजल सप्लाई के दौरान नालियों में बहाव देखने मिलता है. शहर की समस्त पेयजल सप्लाई टंकियों की सफाई हेतु कल 3 जनवरी को राजघाट पेयजल सप्लाई बंद रहेगी.

उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ननि अंतर्गत शहर में जितनी भी पेयजल सप्लाई पाईप लाइन, सीवर लाइन सहित अन्य प्रकार की पाईप लाइनें बिछाई गई हैं उनकी सघन चौकिंग करें. पाइपलाइनों में किसी भी प्रकार का लीकेज या टूटफूट पाया जाये तो तत्काल सुधार करें. पाईप लाइन सुधार के दौरान उक्त स्थल पर इंजिनियर आवश्यक रूप से उपस्थित होकर ही सुधार कार्य करायें. उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पुरानी पेयजल सप्लाई लाइन बंद कर दी गई है वहां नालियों में पड़े कनेक्शन लाइन हटवाएँ.

## एक नजर में



### रैली में हेलमेट पहनकर ट्रेफिक रूल का किया पालन

**सागर.** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर स्थित गौर मूर्ति के समक्ष कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी विकास कुमार सहवाल, जिपं सीईओ विवेक के.वी. तथा आरटीओ मनोज टेहनगुरिया द्वारा बाइक, ऑटो एवं टू-व्हीलर रैलियों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया. बाइक रैली में 200 से अधिक बाइकर्स ने हेलमेट पहनकर एवं यातायात नियमों का पालन करते हुए सहभागिता की. खेल परिसर से ऑटो यूनियन के तत्वावधान में निकाली गई ऑटो रैली प्रमुख मार्गों से होती हुई खेल परिसर में संपन्न हुई.



### युवा कांग्रेस ने मंत्री का पुतला फूंका

**रहली.** इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई 14 लोगों की मौतों में हुई लापरवाही एवं इस मामले में प्रश्न पूछने पर पत्रकारों के साथ अभद्रता के खिलाफ युवा कांग्रेस द्वारा गांधी चौराहा पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया. इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय पटेरिया, रोहित कुर्मी, एड. मनोरथ गर्ग, रत्नेश पटेल, दीपक जैन, अंशुल नायक, प्रकाश गुप्ता, महेंद्र ठाकुर, भोले अहिरवार, साहित्य जैन, अम्बर ददरया, गुड्डू कुर्मी उपस्थित थे.



### सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

**सागर.** मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिला सचिव मोहन साहू आयुष विभाग में अपनी 44 वर्ष की सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुए. इस दौरान विदाई समारोह संपन्न हुआ. इस दौरान चूरामन रायकवार, थानसिंह मंडल, बेनी प्रसाद प्रजापति, यूएस रावत, शुभम पचोरी, विनोद महंत, राकेश द्विवेदी, बालमुकुंद पचोरिया, महेंद्र गोस्वामी, कैलाश रायकवार मौजूद थे.



### गर्म वस्त्र वितरित किए गए

**ललितपुर.** आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में पंडित रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज परिसर में रजाई एवं स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संचालन जयप्रकाश नारायण द्विवेदी ने किया. इस दौरान संस्था अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है. अध्यक्षता सोनू चौबे ने की. इस दौरान राजीव बबले, बाबू गंधर्व सिंह लोधी, राजाराम गोस्वामी, राजेश यादव, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, हरिशंकर साहू, रानू राजा रोड़ा, रामजी यादव, राजेश श्रीवास्तव, चेतन कुशवाह, राकेश शर्मा, प्रमोद सक्सेना एड. प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, राहुल पटेरिया उपस्थित रहे.

### परीक्षा तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक 5 को

**सागर.** कलेक्टर संदीप जी.आर की अध्यक्षता में 5 जनवरी को दोपहर 2 बजे रवीन्द्र भवन में परीक्षा की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी. जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि बैठक में जिले की वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 की तैयारी सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की जाएगी.

# विवि केलेंडर का हुआ विमोचन




नवभारत न्यूज

**सागर 2 जनवरी. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के केलेंडर का विमोचन कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर ने किया.**

उन्होने कहा कि प्रत्येक नए वर्ष में कुछ नया करने का संकल्प लें. उस संकल्प के साथ अपने जीवन और अपने कार्यक्षेत्र में सदैव बेहतर करने का प्रयास करें. यही बेहतर करने का प्रयास ही हमारे समाज को सुंदर बनाएगा. कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर वर्ष 2026 के वाल कैलेंडर, टेबल कैलेंडर एवं टेबल लीफ कैलेंडर का विमोचन कुलपति द्वारा किया गया.इस दौरान प्रो. यूके पाटिल, आकाश मालवीय, आंजनेय शुक्ल, डॉ. संजय शर्मा उपस्थित रहे.

# शराब लाने के विवाद पर हुई थी अनिल की हत्या

नवभारत न्यूज

**रहली 2 जनवरी. थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चांदपुर में अनिल अहिरवार की हत्या कर दी गई थी. पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, न्यायालय ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी दीनदयाल अहिरवार निवासी ग्राम चादपुर ने रिपोर्ट लेख कराई थी कि चांदपुर में अनिल पल्लेदारी करने गया था जो देर रात तक वापस नहीं आया तो बहू रोशनी अहिरवार ने अनिल को फोन लगाया था तो अनिल ने कहा था कि अभी पल्लेदारी का हिसाब हो रहा है बाद में आता हूं. फिर अनिल को देखने बस स्टैंड चांदपुर तरफ आया था जो अनिल बस स्टैंड पर पड़ा था, सिर में आई चोट के कारण अनिल की मृत्यु हो चुकी थी. अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया था.

विवेचना के दौरान कथन में बताया कि अंशुमान कुर्मी, परसू काछी पटेल निवासी जमनापुर परासिया एवं हल्ले यादव निवासी सलैया के द्वारा अनिल अहिरवार के साथ मारपीट कर हत्या कर दी गई थी. जो प्रकरण में आरोपियों की तलाश की गई आरोपी अंशुमान कुर्मी एवं परसू काछी पटैल को अभिरक्षा में लिया जाकर घटना के संबंध में पूछताछ की गई. जिन्होने बताया कि हल्ले यादव द्वारा अनिल अहिरवार के साथ शराब लाने के विवाद पर से हमलोगों ने हल्ले यादव के साथ मारपीट कर हत्या कर दी थी. जो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर विशेष न्यायायल सागर पेश किया गया है एवं प्रकरण के अन्य आरोपी हल्ले यादव की तलाश की गई जो दस्तयाव हुआ जिसे अभिरक्षा में लिया जाकर घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

### धार्मिक स्थलों पर भीड़

**राहतगढ़.** अंग्रेजी नववर्ष के पहले दिन नवयुवक मंडल के तत्वाधान में सागर भोपाल मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम सागौनी उमरिया की पहाड़ी पर विराजमान माँ शारदा भवानी को चुनरी चढ़ाई गई. चुनरी यात्रा में ग्राम सागौनी सहित आसपास के ग्रामों के श्रद्धालु माँ का आशीर्वाद लेने पहुँचे. चुनरी यात्रा श्री सिद्ध स्थान हनुमान मंदिर टेकरी से प्रारंभ हुई. श्रद्धालुओं ने 3 घंटे की पैदल यात्रा करने के बाद माँ शारदा भवानी को 151 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई. वही अंग्रेजी नए साल के पहले दिन क्षेत्र के लोगों की पर्यटक स्थल वाटरफॉल, सिद्धक्षेत्र गिरजादहार, किला पर सैलानियों की भीड़ रही थी.

# बाइक ड्राइव के दौरान मोबाइल पर बात न करें

नवभारत न्यूज

**गढ़ाकोटा 2 जनवरी. ग्राम चनौआ बुजुर्ग में आयोजित विशेष ग्राम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का अवश्य पालन करें.**




उन्होने कहा कि अपनी ओर परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाए और रोड क्रॉस करते समय सावधानी रखें. वाहन चलाते समय मोबाइल न चलाएं और शराब पीकर वाहन न चलाएं. ट्रैक्टर ट्रॉली में रेडियम टेप लगाएं. इस दौरान जन समुदाय को इस यातायात नियमों का पालन करने शपथ भी दिलाई गई. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपस्या, अनुविभागीय अधिकारी रहली, तहसीलदार गढ़ाकोटा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रहली, महाप्रबंधक सागर उपस्थित रहे. नपा अंतर्गत बसारी वार्ड में आयोजित विशेष वार्ड सभा में सड़क सुरक्षा विषय पर वार्ड वासियों को जागरूक किया गया. सभा में एसडीएम कुलदीप पाराशर, मनोज तिवारी, तहसीलदार महेश दुबे, सीएमओ धनंजय गुमास्ता मौजूद थे.

### अधिवेशन शाजापुर में

**सागर.** प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन का प्रांतीय सम्मेलन 11 जनवरी को शाजापुर में आयोजित किया गया है जिसमें सभी संभागीय जिला तहसील एवं ब्लाक शाखाओं के पदाधिकारी शामिल होगे, सागर से भी पदाधिकारी शामिल होगे. एसोसिएशन की मासिक बैठक पुरानी कलेक्ट्रेट स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रागंण में मासिक बैठक प्रांतीय महामंत्री अध्यक्ष हरिओम पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई. जिसमें साजापुर में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में शामिल होने एवं नये वर्ष में एसोसिएशन की सदस्यता बढ़ाने का संकल्प लिया गया. बैठक में दुग्ध संघ के सेवानिवृत्त श्रमिकों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई.

# देवरी नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया हुई शुरू

नवभारत न्यूज

**सागर 2 जनवरी. नगरपालिका परिषद देवरी के अध्यक्ष को वापस बुलाये जाने हेतु होने वाले निर्वाचन की प्रक्रिया के अंतर्गत ईवीएम मशीनों की एफएलसी, रेंडमाइजेशन एवं कमीशनिंग का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है.**

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एफएलसी की कार्यवाही 2 जनवरी से 5 जनवरी तक ईवीएम स्टोर रूम, पुराना वाणिज्यकर कार्यालय, तिली रोड में संपन्न की जाएगी. डीईओ लेवल रेंडमाइजेशन 6 जनवरी एवं आरओ लेवल रेंडमाइजेशन 7 जनवरी को न्यू कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में शाम 4 बजे से किया जाएगा. वहीं ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग की कार्यवाही 8 जनवरी से 9 जनवरी तक प्रात: 11 बजे से ईवीएम स्टोर रूम, में संपन्न होगी. 3 जनवरी को दोपहर 12 बजे आयोजित एफएलसी की कार्यवाही में रिटर्निंग अधिकारी, अध्यक्ष एवं पार्षदों को निर्धारित समय व स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है.



# सद्बुद्धि प्रदान करने दुआ की

नवभारत न्यूज

**सागर 2 जनवरी. नगर निगम कर्मचारियों को वेतन सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा ननि नपा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शईदउद्दीन कुरैशी के नेतृत्व में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पीली कोठी वाले बाबा के दरबार में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा ननि अधिकारियों को सद्बुद्धि प्रदान करने दुआ की.**

इस दौरान कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरु एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने कहा कि श्री कुरैशी के नेतृत्व में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पीली कोठी वाले बाबा के दरबार में अधिकारियों को सद्बुद्धि प्रदान करने हेतु दुआ की गई है. उन्होने बताया कि 2 सितंबर शनिवार को सायं 4 बजे अंबेडकर प्रतिमा एवं भगवानगंज गुरूद्वारा जायेंगे. इस अवसर पर बृजेश तिवारी, देवकुमार चौबे, कुलदीप बाल्मीकि, राधेश भार्गव, धर्मेन्द्र बंटू बोहरे,राजेन्द्र सनकत, रिजवान खान, रज्जन करोसिया, संयम चतुर्वेदी, जावेद खान, रविशंकर श्रीवास्तव, अभिलाषा नामदेव मौजूद थीं.

### गहने वापिस न करने का आरोप, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर.** पांच लाख रुपये कीमत का सोना गिरवी रखकर नीयत खराब होने और उधार लिये गये रुपये ब्याज सहित वापस लौटाने के बावजूद भी सोने के आभूषण वापस न देने का आरोप लगाते हुये युवक ने सराफा व्यापारी, उसकी पत्नी व पुत्री पर एफआईआर दर्ज करायी है. मोहल्ला नझाई बाजार में रहने वाले संस्कार तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कटरा बाजार स्थित महादेव ज्वैलर्स के नाम से अनिल सोनी, रानी सोनी व मान्या सोनी दुकान खोले हुये हैं. पीड़िता ने बताया कि उसने सोने से बने आभूषण में हार, मंगलसूत्र व कान की बाली जिनकी कीमत करीब 5 लाख रुपये थी को अनिल सोनी की दुकान पर 1.30 लाख रुपये में गिरवी रखा था. पीड़ित के अनुसार उसने अनिल सोनी को 1.30 लाख रुपये संपूर्ण ब्याज चुकाने के बाद सोने के आभूषण वापिस मांगे थे.

# स्कूल विकास को लेकर किया निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**सागर 2 जनवरी. विधायक शैलेंद्र जैन ने मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान विधायक जैन ने कहा कि मॉडल स्कूल केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मंच होना चाहिए. विद्यालय परिसर में आधुनिक और सुविधायुक्त हाल का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधियाँ, सभाएँ एवं अन्य रचनात्मक आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सकें. विधायक जैन ने परिसर का भ्रमण कर हाल निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

विधायक श्री जैन ने आश्वस्त किया कि विद्यालय के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण मिल सके.

### भागवत कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ लिया

विधायक शैलेंद्र जैन ने तिली वार्ड में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सहभागिता कर पंडित नीरज व्यास महाराज के मुखारविंद से कथा श्रवण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया. इस अवसर पर विधायक श्री जैन ने व्यास पीठ पर पहुंचकर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया.

विधायक श्री जैन ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की अमूल्य धरोहर है. भागवत कथाएं सामाजिक समरसता श्रेष्ठ उदाहरण हैं, जिनके माध्यम से समाज में सद्भाव, नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होता है.

# युवा कांग्रेस ने किया मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सागर 2 जनवरी. इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई घटना तथा एक पत्रकार द्वारा पूछे गए जनहित के सवालों पर अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने वाले नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ जिला युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया.**

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप चौधरी एवं युवा कांग्रेस नरयावली के अध्यक्ष रोहित वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मकरोनिया के अध्यक्ष देवेन्द्र कुर्मी की अगवाई में स्मकरोनिया चौराहे पर घंटी बजाकर मंत्री श्री विजयवर्गीय, इंदौर महापौर व पार्षदों को तत्काल बर्खास्त किए जाने की पुरजोर मांग उठाई गई.



इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी से कई मौतें हुई हैं और बड़ी संख्या में लोग बीमार हुये हैं यह हादसा नहीं सरकार की बड़ी लापरवाही है. इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि उमाहिया,दीपक दुबे आदि ने मंत्री के बयान की कड़े शब्दों में निंदा की. प्रदर्शन कर नें वालों में राकेश राय, आर.आर पाराशर, सिंटू कटारे, अक्षत कोठारी, डॉ हेमंत लारिया, पार्षद सीमा चौधरी,पार्षद मोहन अहिरवार, मनोज राय, मार्शल खान, राजा बुंदेला, राजू डिस्क, साहित्य पांडे, मदन सेन, महेश सेन, प्रेम लाल, कमल चौधरी, शहजाद निहारिया, समीर काजी, शहंशाह खान, सुरेन्द्र करोसिया,संजय रैकवार,बंटी कोरी,देशराज यादव, कल्याण सिंह मौजूद थे.

# कॉलेज चलो अभियान के तहत स्कूली छात्रों को दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

**सागर 2 जनवरी. पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय के प्राध्यापकों की टीम ने शासकीय उच्चतर विद्यालय बाघराज में जाकर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में प्रवेश हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया.**

इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. रेणु सोलंकी, डॉ भानु प्रिया पटेल,डॉ अरविंद यादव, डॉ अनुष्का राजे ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पारंपरिक व व्यवसायिक पाठ्यक्रमों, एनसीसी, एनएसएस और सांस्कृतिक गतिविधियों एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया.

डॉ. अनुष्का राजे ने सोशल प्लेटफॉर्म के संदर्भ में एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में कालेज की उपलब्धियों तथा एनएसएस, एनसीसी सुविधाओं की जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की. इस दौरान प्राचार्य डॉ संध्या गौतम, शिक्षिका रेखा गुप्ता सहित विद्यार्थी मौजूद रहे.

### सेवानिवृत्ति पर सम्मान

**सागर.** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग में सफाई संरक्षक के पद पर कार्यरत श्रीमती लक्ष्मी करोसिया के सेवानिवृत्त होने पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक भीउपस्थित रहे. निगम अध्यक्ष एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा अध्यक्ष ने श्रीमती लक्ष्मी करोसिया को प्रशस्ति पत्र भेंट किया. निगम अध्यक्ष श्री अहिरवार ने कहा कि श्रीमती करोसिया ने सेवाकाल के दौरान नगर निगम की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.